**CD/5700** **प्री-बोर्ड परीक्षा वर्ष:2024-25**

**कक्षा-12**

**समय-3:00 घंटा** **विषय- सामान्य हिन्दी** **पूर्णांक : 100**

निर्देशः (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिये निर्धारित है।

(ii) सम्पूर्ण प्रश्न पत्र दो भागों-खण्ड (क) तथा खण्ड (ख) में विभाजित है।

(iii) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

खण्ड (क)

1. (क) 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक हैं:

(i) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ii) सोहनलाल द्विवेदी
(iii) हजारी प्रसाद द्विवेदी (iv) बालकृष्ण भट्ट

(ख) रसज्ञ रंजन कृति के लेखक हैं:

(i) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ii) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(iii) राहुल सांकृत्यायन (iv) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(ग) गद्य विधा की दृष्टि से वोल्गा से गंगा' हैं

(i) उपन्यास (ii) कहानी (iii) आत्मकथा (iv) संस्मरण

(घ) हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास हैः

(i) परीक्षा गुरू (ii) गोदान (iii) चित्रलेखा (iv) गुनाहों का देवता

(ङ) 'आनन्द कादम्बिनी पत्रिका के सम्पादक थेः

(i) प्रतापनारायण मिश्र (ii) सरदार पूर्णसिंह
(iii) बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमध (iv) बालकृष्ण भट्ट

2. (क) 'अष्टछाप' के कवि हैं:

(i) कबीरदास (ii) सूरदास (iii) तुलसीदास (iv) मीराबाई

(ख) हिन्दी के प्रथम कवि हैं:

(i) सरपहा (ii) चन्दबरदायी (iii) तुलसीदास (iv) वाल्मीकि

(ग) 'सूरसागर' के रचयिता हैं

(i) कबीरदास (ii) सूरदास (iii) जायसी (iv) तुलसीदास

(घ) हिन्दी का प्राचीनतम महाकाव्य है।

(i) कामायनी (ii) पृथ्वीराज रासो' (iii) रामचरितमानस (iv) पश्चात

(ङ) भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार नहीं मिला है।

(i) रामधारी सिंह 'दिनकर' (ii) सुमित्रानन्दन पंत

modelpaper.info

(iii) मैथिलीशरण गुप्त (iv) महादेवी वर्मा

3. दिये गये गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5×2=10

जन का प्रवाह अनन्त होता हैं सहस्रों वर्षो से भूमि के साथ राष्ट्रीय जन ने तादात्म्य प्राप्त किया है। जब तक सूर्य की रश्मियाँ नित्य प्रातकाल भुवन को अमृत से भर देती है तब तक राष्ट्रीय जन का जीवन भी अमर है। इतिहास के अनेक उतार-चढ़ाव पार करने के बाद भी राष्ट्र-निवासी जन नई उठती लहरों से आगे बढ़ने के लिए अजर-अमर है। जन का संततवाही जीवन नदी के प्रवाह की तरह है, जिसमें कर्म और श्रम के द्वारा उत्थान के अनेक धातो का निर्माण करना होता है।

(i) किसका प्रवाह अनन्त होता है?

(ii) राष्ट्रीय जन का जीवन भी कब तक अमर है?

(iii) जन का संततवाही जीवन किस तरह है?

(iv) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(v) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

अथवा

कहते हैं, दुनिया बडी भुलक्कड है। केवल उतना ही याद रखती है, जितने से उसका स्वार्थ सधता है। बाकी को फेंककर आगे बढ़ जाती है। शायद अशोक से उसका स्वार्थ नहीं सधा क्यों उसे वह याद रखती? सारा संसार स्वार्थ का अखाड़ा ही तो है।

(i) लेखक के अनुसार दुनिया कैसी है?

(ii) "सारा स्वार्थ का अखाड़ा ही तो है। पंक्ति का क्या आशय है?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iv) स्वार्थ का अखाड़ा किसे कहा गया है?

(v) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का शीर्षक एवं लेखक का नाम लिखिए।

4. दिये गये पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5×2=10

लज्जाशील पथिक महिला जो कहीं दृष्टि आये।
होने देना विकृत-वसना तो न तू सुन्दरी को।
जो थोडी भी श्रमित वह हो गोद ले श्रांति खोना।
होंठों की औ कमल-मुख की म्लानताएँ मिटाना।

(i) वियोगिनी राधा लज्जाशील महिला के लिए पवन से क्या कहती है?

(ii) श्रान्ति' एवं 'म्यालनाएँ' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(iii) रेखांकित अंश का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

(iv) उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा रस निहित है?

(v) प्रस्तुता पद्यांश का शीर्षक तथा कवि का नाम लिखिए।

अथवा

कहते आते थे यही अभी नरदेही,
"माता न कुमाता, पुत्र कुपुत्र भले ही"
अब कहें सभी यह हाय, विरूद्ध विधाता-
है पुत्र पुत्र ही, रहे कुमाता माता"
बस मैने इसका बाह्रय-मात्र ही देखा,
दृढ़ हृदय न देखा मृदुल गात्र ही देखा।

(i) उपर्युक्त पद्यांश के अनुसार अब तक नरदेही क्या कहते आए है?

(ii) रेखांकित अंश का भावार्थ लिखिए।

(iii) कुपुत्र 'एवं 'कुमाता में उपसर्ग बत्ताइये।

(iv) 'नरदेही' एवं 'मृदुल' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(v) उपर्युक्त कविता का शीर्षक तथा कवि का नाम लिखिए।

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए: (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 5

(i) वासुदेव शरण अग्रवाल

(ii) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(iii) डा० ए०पी० जे० अब्दुल कलाम

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए: (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 5

(i) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध'

(ii) सुमित्रानंदन पंत

(iii) मैथिलीशरण गुप्त

6. 'पंचलाइट' अथवा धुव्र-यात्रा कहानी का सारांश लिखिए। (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 5

अथवा

'पंचलाइट' अथवा 'बहादुर कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

7. स्वपठित खंडकाव्य के आधार पर किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। 5

modelpaper.info

(अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)

"त्यागपथी" खण्डकाव्य के नायक / प्रमुख पुरुष पात्र / हर्षवर्धन का चरित्र चित्रण कीजिए।

अथवा

'त्यागपथी' खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग की कथा संक्षेप में लिखिए।

(खण्ड-ख)

8. (क) दिये गये संस्कृत गद्यांश का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए: 2+5=7

संस्कृतस्य साहित्य सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गये पद्ये च लालित्य भावबोधसामर्थ्यम अद्वितीय श्रुतिम श्रुतिमार्धञ्च वर्तते। किं बहुना चरित्रनिर्माणार्थ याशी सत्प्रेरणां संस्कृतवाङ्मय ददाति न तादृशी किञ्चिदयन्त।

मूलभूताना मानवीगुणाना याशी विवेचना संस्कृतसाहित्ये वर्तते नान्यत्र तादृशी। दया, दानं, शौचन, औदार्यमृ अनसूया, क्षमा, अन्येचानेके गुणाः अस्य साहित्यस्य अनुशीलनेन सञ्जायते।

(ख) दिये गये श्लॉक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 2+5=7

भाषासु सुख्या मधुरा दिव्या गोर्वाणभारती ।
तस्या हि मधुरं कॉव्यं तस्मादिप सुभाषितम् ।।

9. निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए: 2

(i) हाथ कंगन को आरसी क्या

(ii) गागर में सागर भरना

10. अपठित गद्यांश से सम्बन्धित दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

<u>इच्छाएँ नाना है और नाना विधि है और वे उसे प्रवृत्त रखती है। उस प्रवृत्ति से वह रह-रह कर थक जाता है और निवृत्ति चाहता है।</u> यह प्रवृत्ति और निवृत्ति का चक्र द्वन्द्व से थका मारता है। इस संसार को अभी राग-भाव से वह चाहता है कि अगले क्षण उतने ही भाव-विराग से वह उसका विनाश चाहता है। पर राग-द्वेष की वासनाओं से अन्त में झुंझलाहट और छटपटाहट ही हाथ लगती है।

(i) प्रवृत्ति-निवृत्ति के चक्र में फँसा मनुष्य क्यों रूक जाता है? 2

(ii) प्रेम और ईर्ष्या की वासनाओं में पड़कर मनुष्य की स्थिति कैसी हो जाती है? 2

(iii) रेखांकित अंश का आशय लिखिए। 1

11. (क) निम्नलिखित शब्द युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए।

modelpaper.info

(1) कुल-कूल

(अ) वंश और शीतल (ब) समस्त और कपड़ा

(स) वंश और किनारा (द) पक्षी और किनारा

(ii) तरणि-तरणी

(अ) सूर्य और नाव (ब) सूर्य और चन्द्रमा

(स) नावः और स्त्री (द) स्त्री और सूर्य

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के लिखिए। दो अर्थ लिखि

(i) मित्र (ii) अर्क (iii) कनक

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए-

(i) जो पहले कभी न हुआ हो

(अ) पूर्व (ब) अभूतपूर्व (स) अपूर्व (द) भूतपूर्व

(ii) जीवित रहने की उत्कट इच्छा-

(अ) जिजीविषा (ब) जीवन (स) महत्वाकांक्षा (द) जीवन शक्ति

(घ) निम्नलिखित में से किन्ही दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। 1+1=2

(i) मीराबाई कृष्णाभक्त कवि हैं।

(ii) मुझे बीस रूपये चाहिए।

(iii) प्रत्यूष का भविष्य उज्ज्वल हो

(iv) कृपया अवकाश देने की कृपा करें

12. (क) श्रृंगार रस अथवा वीर रस का लक्षण एवं उसका एक उदाहरण लिखिए। 1+1=2

(ख) 'यमक' अलंकार अथवा 'उपमा' अलंकार का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए। 1+1=2

(ग) सोरठा छंद अथवा दोहा छन्द का लक्षण और उदाहरण लिखिए। 1+1=2

13. अपने निकट की बैंक के शाखा प्रबन्धक को उच्च शिक्षा हेतु ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन-पत्र लिखिए। 6

अथवा

विद्यालय के प्रबन्धक को, प्रवक्ता हिंदी पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा-शैली में निबंध लिखिए। 6

(i) पर्यावरण एवं प्रदूषण (ii) वर्तमान समाज में नारी की स्थिति

(iii) प्रिय साहित्यकार (iv) यदि मैं प्रधानमंत्री होता

modelpaper.info

(v) महंगाई

(vi) कोविड-19

modelpaper.info